वर्ल्ड वेल्थ रिपोर्ट, 2024

[स्रोत: द हिंदू](#)

कैपजेमिनी वर्ल्ड वेल्थ रिपोर्ट (Capgemini World Wealth Report) के अनुसार, भारत के **उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्तियों (High Net-Worth Individuals- HNWI)** की संख्या वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में 12.2% बढ़ी है। देश में **अब 3.589 मिलियन** उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्ति हैं।

- भारत के HNWI की वित्तीय संपत्ति वर्ष 2023 में **12.4%** बढ़कर **1,445.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर** हो गई, जो 2022 में 1,286.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी।
- वैश्विक स्तर पर **वर्ष 2023 में HNWI की संपत्ति और जनसंख्या में क्रमशः 4.7% और 5.1% की** वृद्धि होने का अनुमान है।
- **वर्ष 2023 में भारत:**
  - भारत की बेरोज़गारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत हो गई, जो वर्ष 2022 में 7 प्रतिशत थी।
  - बाज़ार पूंजीकरण में 29.0% की वृद्धि हुई, जबकि वर्ष 2022 में इसमें 6% की वृद्धि हुई थी।
  - सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में देश की राष्ट्रीय बचत वर्ष 2022 के 29.9 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2023 में बढ़कर 33.4 प्रतिशत हो गई।
- HNWI वे हैं जिनके पास **1 मिलियन अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक** की निवेश योग्य परिसंपत्तियाँ हैं, जिनमें उनका प्राथमिक निवास, संग्रहणीय वस्तुएँ, उपभोग्य वस्तुएँ और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएँ शामिल नहीं हैं।

अधिक पढ़ें: भारत में अत्यंत उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्ति

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-wealth-report-2024